

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022

संख्या–242/2026

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने छठ महापर्व की शुभकामनाएँ दी

पटना 13 नवम्बर, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने सूर्योपासना और लोक आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि छठ पर्व सादगी और पवित्रता का त्योहार है, जो हमें प्रकृति के साथ गहराई से जोड़ता है। यह पर्व हमें समृद्ध संस्कृति और जीवन मूल्यों को सहेजने तथा आत्मशुद्धि, मन की निर्मलता और जीवन में अनुशासन बनाये रखने की प्रेरणा देता है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर भगवान सूर्य देव से बिहारवासियों के जीवन में नई और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने तथा उनके सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की है।

.....